भारत सरकार **राज्य सभा**
वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय **अतारांकित प्रश्न सं 1331**
(वाणिज्य विभाग)

दिनांक 06 दिसंबर, 2024 को उत्तर दिये जाने के लिए

हीरा व्यापार में मंदी

1331 **श्री नीरज डांगी:**

क्या **वाणिज्य और उद्योग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि पिछले तीन वर्षों से देश में हीरा क्षेत्र को भारी मंदी का सामना करना पड़ रहा है, यदि हां, तो इसके क्या कारण है;

(ख) उक्त अवधि के दौरान आयात और निर्यात में दर्ज की गई गिरावट का ब्यौरा क्या है;

(ग) देश की अर्थव्यवस्था के सकल घरेलू उत्पाद में हीरे के व्यापार की कितनी प्रतिशत भागीदारी है; और

(घ) देश में हीरा उद्योग में लगभग कितनी कंपनियां शामिल हैं, और इस उद्योग में कितने श्रमिक कार्यरत हैं ?

उत्तर
वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री
(श्री पीयूष गोयल)

(क) : जी हां, हीरा क्षेत्र पिछले तीन वर्षों से प्रमुख निर्यात गंतव्यों में मांग में कमी और रूसी मूल के हीरों पर जी7 प्रतिबंधों जैसे आपूर्ति संबंधी मामलों के कारण चुनौतियों का सामना कर रहा है।

(ख): हीरे के निर्यात और आयात का विवरण अनुबंध में दिया गया है।

(ग): वर्ष 2023-24 के दौरान हीरा व्यापार (निर्यात + आयात) 3,42,368.47 करोड़ रुपये (41366.18 मिलियन अमेरिकी डॉलर) था (स्रोत: डीजीसीआई एंड एस)। वर्ष 2023-24 में भारत की जीडीपी 2,95,35,666.84 करोड़ रुपये थी (स्रोत: एमओएसपीआई)। वर्ष 2023-24 में भारत का हीरा व्यापार और जीडीपी का अनुपात 0.01 है।

(घ): अक्टूबर 2020 के नेशनल काउंसिल ऑफ एप्लाइड इकोनॉमिक रिसर्च (एनसीएईआर) रत्न और आभूषण अध्ययन के अनुसार, हीरा उद्योग में लगभग 18,036 कंपनियां हैं और 8,19,926 कर्मचारी है।

****

अनुबंध

दिनांक 06.12.2024 के राज्य सभा के अतांरिकत प्रश्न सं. 1331 के भाग (ख) के उत्तर संबंधी अनुबंध

(मूल्य मिलियन अमरीकी डॉलर में)

	2021-22	2022-23	2023-24
निर्यात	25,480.15	24,736.90	18,370.66
आयात	28,867.84	27,326.36	22,995.52
कुल व्यापार (निर्यात+आयात)	54,347.99	52,063.26	41,366.18

(डायमंड में एचएस 7102, एचएस 7104 20, एचएस 7104 21 और एचएस 7104 91 शामिल हैं; डेटा स्रोत: डीजीसीआईएंडएस)

*****